JVC

# जनमुख

व्यापार चक्र

ईद परिशिष्ट 2026





Eid Mubarak
मानक पथप्रदर्शक
BIS HALLMARK
22
श्री हरे कृष्णा ज्वेलर्स
100 %
Hallmark Jewellery
Showroom
Lowest Gold Rate & Lowest Making Charge
100% Exchange or Cash Back
0% Deduction on Old Gold
SUNDAY OPEN
भेलूपुर-9936105529 • अर्दली बाजार-9936105527 • सुन्दरपुर (भिखारीपुर तिराहा)-8009091198
लहुराबीर-8009091196 • पहड़िया-8009091199 • शिवपुर (नरायन पार्क) 9936105528
रामनगर (स्टेट बैंक के सामने)-8009091195 • मुगलसराय (HDFC बैंक के सामने)-9277200856

## जनमुख परामर्श मंडल



एस. कुमार, अध्यक्ष
सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया



संतोष अग्रवाल,
सभापति
श्री काशी अग्रवाल समाज



श्रीनारायण खेमका
अध्यक्ष
अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन



वी.के.जैन, अध्यक्ष
जैन मिलन, वाराणसी



डा. नीलम ओहरी
स्त्री रोग विशेषज्ञ



डा. एस.के.पाठक
वरिष्ठ चिकित्सक



प्रधान सम्पादक
ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा'

समाचार सम्पादक
सरोज सिन्हा



फोन : 0542-2500324 9336929544
Email : janmukh.vns@gmail.com


जनमुख हिन्दी दैनिक के लिए निःशुल्क प्रकाशित

## सम्पादकीय

# मानवता का मूल्य सबसे ऊपर



सरोज सिनहा
समाचार सम्पादक

धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व का प्रतीक ईद यानि ईद-उल-फितर इस्लाम धर्म के प्रमुख त्योहारों में से एक है। रमजान के महीने के रोजा ( उपवास ) और इबादत के बाद ईद का दिन एक खास खुशी और उल्लास का समय होता है। देखा जाए तो यह केवल एक त्योहार ही नहीं, बल्कि सही मायने में भाई-चारे, प्रेम और एकता का संदेश देता है। सिर्फ इतना ही नहीं, ईद हमें यह सिखाता है कि समर्पण, संयम और मानवता के प्रति आदर्शों को अपनाने से हम आत्मिक शान्ति और सामाजिक एकता प्राप्त कर सकते हैं। यही वजह है कि रमजान के माह में मुस्लिम समाज के लोग पूर्ण रूप से नियम और संयम का पालन करते हैं तथा अपना समय अल्लाह की इबादत में समर्पित करते हैं जिससे न केवल आत्म निर्वासन होता है, बल्कि यह गरीबों और जरूरतमंदों के प्रति संवेदनशीलता और सहानुभूति का भी प्रतीक बनता है। ईद के दिन यह सामूहिक खुशियां और त्याग की भावना समाज को एक सकारात्मक संदेश देती है। गरीबों को जकात और फितरा देने की रवायत भी ईद के दिन समाज में न्याय और समानता की भावना को प्रगाढ़ करती है। ईद का दिन न केवल मुसलमानों के लिए बल्कि पूरे समाज के लिए एक ऐसा अवसर है जब हम एक दूसरे के साथ मिलकर जीवन की मिठास को महसूस कर सकते हैं। यह वह मौका होता जब हम मजहब, जाति, भाषा के भेदभाव को मिटाकर एकजुट होते हैं। फितरा और जकात के जरिये गरीबों को मदद दी जाती ताकि वे इस खुशी में शामिल हो सकें। यह पर्व हमें यह याद दिलाने के लिए है कि मानवता का मूल्य सबसे ऊपर है। हालांकि आज के समय में जब दुनिया में जंग का मौहाल बना हुआ है, हिंसा, नफरत और मार-काट की घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। ऐसे समय में ईद का पर्व हमें सीख देता है कि हमें हमेशा अपने रिश्तों में प्यार, सम्मान और समझदारी बनाए रखनी चाहिए। ईद का हम सबके बीच यही पैगाम है कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए हमें अपनी सोच और नजरिये में बदलाव लाना होगा। ताकि हम एक बेहतर और समृद्ध भविष्य की ओर बढ़ सकें।

ईद के अवसर पर जनमुख परिवार की ओर से सभी पाठकों व शुभेच्छुओं को हार्दिक शुभकामनाएं।




## क्यों मनाई जाती है

# ईद-उल-फ़ितर?

मुसलमान रमज़ान उल-मुबारक के एक महीने के बाद एक मज़हबी खुश़ी का त्यौहार मनाते हैं। जिसे ईद उल-फ़ित्र कहा जाता है। ये यक्म शवाल अल-मुकर्रम्म को मनाया जाता है। ईद उल-फ़ित्र इस्लामी कैलेण्डर के दसवें महीने शव्वाल के पहले दिन मनाया जाता है। इस्लामी कैलेंडर के सभी महीनों की तरह यह भी नए चाँद के दिखने पर शुरू होता है। मुसलमानों का त्योहार ईद मूल रूप से भाईचारे को बढ़ावा देने वाला त्योहार है। इस त्योहार को सभी आपस में मिल के मनाते है और खुदा से सुख-शांति और बरक्कत के लिए दुआएं मांगते हैं। पूरे विश्व में ईद की खुशी पूरे हर्षोल्लास से मनाई जाती है।



मुसलमानों का त्यौहार ईद रमज़ान का चांद डूबने और ईद का चांद नज़र आने पर उसके अगले दिन चांद की पहली तारीख .को मनाया जाता है। इस्लाम में दो ईदों में से यह एक है (दुसरी ईद उल जुहा या कुरबानी की ईद कहलाती है)। पहली ईद उल-फ़ितर पैगम्बर मुहम्मद ने सन 624 ईसवी में जंग-ए-बदर के बाद मनायी थी। ईद उल फित्र के अवसर पर पूरे महीने अल्लाह के मोमिन बंदे अल्लाह की इबादत करते हैं रोज़ा रखते हैं और कुआन करीम कुरान की तिलावत (इबादत) करके अपनी आत्मा को शुद्ध करते हैं जिसका अङ्का या मजदूरी मिलने का दिन ही ईद का दिन कहलाता है जिसे उत्सव के रूप में पूरी दुनिया के मुसलमान बड़े हर्ष उल्लास से मनाते हैं।

ईद उल-फितर का सबसे अहम मक्सद एक और है कि इसमें ग़रीबों को फितरा देना वाजिब है जिससे वो लोग जो ग़रीब हैं मजबूर हैं अपनी ईद मना सके नये कपड़े पहन सकें और समाज में एक दूसरे के साथ खुशियां बांट सके।

उपवास की समाप्ति की खुशी के अलावा इस ईद में मुसलमान अल्लाह का शुक्रिया अदा इसलिए भी करते हैं कि अल्लाह ने उन्हें महीने भर के उपवास रखने की शक्ति दी। हालांकि उपवास से कभी भी मोक्ष संभव नहीं क्योंकि इसका वर्णन पवित्र धर्म ग्रन्थो में नहीं है। पवित्र कुरान शरीफ भी बख्बर संत से इबादत का सही तरीका लेकर पूर्ण मोक्ष प्राप्त करने के लिए सर्वशक्तिमान अल्लाह की पूजा करने का निर्देश देता है। ईद के दौरान बढ़िया खाने के अतिरिक्त नए कपड़े भी पहने जाते हैं और परिवार और दोस्तों के बीच तोहफ़ों का आदान-प्रदान होता है। सिवैया इस त्योहार का सबसे मत्वपूर्ण खाद्य पदार्थ है जिसे सभी बड़े चाव से खाते हैं। ईद का पर्व खुशियों का त्योहार है, वैसे तो यह मुख्य रूप से इस्लाम धर्म का त्योहार है परंतु आज इस त्योहार को लगभग सभी धर्मों के लोग मिल जुल कर मनाते हैं। दरअसल इस पर्व से पहले शुरू होने वाले रमजान के पाक महीने में इस्लाम मजहब को मानने वाले लोग पूरे एक माह रोजा (व्रत) रखते हैं। रमजान महीने में मुसलमानों को रोजा रखना अनिवार्य है, क्योंकि उनका ऐसा मानना है कि इससे अल्लाह प्रसन्न होते हैं। यह पर्व त्याग और अपने मजहब के प्रति समर्पण को दर्शाता है। यह बताता है कि एक इंसान को अपनी इंसानियत के लिए इच्छाओं का त्याग करना चाहिए, जिससे कि एक बेहतर समाज का निर्माण हो सके।

ईद उल फितर का निर्धारण एक दिन पहले चाँद देखकर होता है। चाँद दिखने के बाद उससे अगले दिन ईद मनाई जाती है। सऊदी अरब में चाँद एक दिन पहले और भारत में चाँद एक दिन बाद दिखने के कारण दो दिनों तक ईद का पर्व मनाया जाता है। ईद के दिन सुबह से ही इसकी तैयारियां शुरू हो जाती हैं। लोग इस दिन तरह तरह के व्यंजन, पकवान बनाते है तथा नए नए वस्त्र पहनते हैं।

ईद-उल-फ़ितर के मौके पर, लोग चारित्रिक रूप से दान देते हैं। लोग अपने धन का 2.5 प्रतिशत का हिस्सा खेऱात में देते हैं जिससे गरीब और जरूरतमंद लोगों को मदद मिलती है।

Eid Mubarak
A House of Designer Collection
SUDA SILK FABRICS
Wholesale & Manufacture All Types of Banarasi Fabrics
Saree | Suit | Lahenga | Dupatta
Near Park Plaza Hotel, S-20/53-15 | Buddha Vihar, The Mall Road | Cantt, Varanasi
7905337893 | 09119883101
Prop.: Shaan

# ... अल्लाह कबूल करेगा हर मुराद

रमजान का पवित्र महीना दुआओं के कबूल होने का एक खास समय है। दुआ इबादत की जान है और एक मोमिन के लिए सबसे बड़ा सहारा है। पवित्र कुरान में, अल्लाह कहते हैं, 'मुझे पुकारो, और मैं तुम्हारी पुकार

**रमजान में दुआ की अहमियत पर केंद्रित यह लेख बताता है कि शेहरी, इफ्तार और खासकर 'लैलत अल-कद्र' में की गई प्रार्थनाएं क्यों महत्वपूर्ण हैं। इसमें दुनिया और आखिरत की भलाई समेत कुरान में वर्णित कई जरूरी दुआओं और उनके मायनों को समझाया गया है।**

सुनूंगा। जो लोग घमंड की वजह से मेरी इबादत से दूर हो जाते हैं, वे बेइज्जत होकर जहन्नम में जाएंगे।' पैगंबर मुहम्मद ने कहा कि रोजा रखने वाले की दुआएं कभी खाली नहीं जातीं, खासकर इफ्तार के समय। इसके अलावा, सेहरी से पहले वाली रात और लैलत अल-कद्र के दौरान पढ़ी जाने वाली दुआओं को बहुत अहमियत दी जाती है।




### रमजान और नमाज के बीच खास रिश्ता

रमजान बरकत, रहमत और माफी का महीना है। यह हमारी नमाजों और इबादतों को बढ़ाने का सबसे अच्छा मौका है। मुसलमानों को पूरे दिन अल्लाह को याद करना चाहिए, खासकर शेहरी और इफ्तार के समय।

### लैलत अल-कद्र (शब-ए-कद्र) के लिए एक खास दुआ

रमजान की आखिरी दस रातें बहुत कीमती होती हैं क्योंकि उनमें 'लैलत अल-कद्र' (ताकत की रात) होती है। पैगंबर ने हजरत आयशा को इस रात के लिए यह खास दुआ सिखाई थी।

**दुआः** 'अल्लाहुम्मा इन्नाका अफुवुन तुहिब्ब अल-अफवा फाफू अन्नी।'

**अर्थः** ऐ अल्लाह, तू माफ करने वाला है और तुझे माफी पसंद है, इसलिए मुझे माफ कर दे।

### रोजाना पढ़ी जाने वाली कुछ अहम दुआएं

रमजान के दौरान हमें कुरान और सुन्नत में बताई गई इन दुआओं को बार-बार दोहराना चाहिए।

### दुनिया और आखिरत की भलाई के लिए

**दुआः** रब्बाना अतिना फिद-दुनिया हसनतन वा फिल-अखिरती हसनतन वा किना अजाब-अन-नार।

**अर्थः** ऐ हमारे रब! हमें इस दुनिया में भी भलाई दे और परलोक में भी, और हमें आग के अजाब से बचा।

नमाज में पाबंदी और परिवार के लिए।

**दुआः** रब्बिज-अलनी मुकीम-अस-सलाती वा मिन जुर्रियाती, रब्बाना वा तकब्बल दुआ।

**अर्थः** मेरे रब! मुझे और मेरी औलाद को नमाज कायम करने वाला बना। ऐ हमारे रब, मेरी दुआ कुबूल कर।

### शुक्रगुजारी के लिए

**दुआः** अल्लाहुम्मा अ-इन्नी अला जिक्रिका वा शुक्रिका वा हुस्नी इबादतिका।

**अर्थः** ऐ अल्लाह! मुझे अपनी याद, अपने शुक्र और बेहतरीन तरीके से इबादत करने में मदद दे।

दुआ अल्लाह से जुड़ने का एक खूबसूरत जरिया है। इस रमजान अपनी शेहरी, इफ्तार और रातों को दुआओं से रोशन करें। अल्लाह आपकी हर जायज दुआ कुबूल फरमाए और आपको अपनी रहमतों से नवाजे।





**रमजान 2026 में रोजा रखने की नीयत से लेकर इफ्तार तक की सही दुआओं और उनके तरीके को समझें, जिसमें सहरी और इफ्तार के समय पढ़ी जाने वाली अरबी दुआओं का हिंदी अर्थ भी शामिल है। यह लेख आपको तरावीह की नमाज के महत्व को समझने में भी मदद करेगा।**

# रोजा रखने की दुआ (शेहरी की दुआ)

**रोजा रखने के लिए 'नीयत' यानी मन में पक्का इरादा करना सबसे जरूरी है। शेहरी खाने के बाद दिल से अल्लाह को याद करते हुए रोजा रखने का इराद किया जाता है।**

**दुआः 'व बिसौमि गदिन नवैयतु मिन शेहरी रमजान'**

**अर्थः** 'मैं अल्लाह के लिए रमजान के रोजे की नीयत करता/करती हूं।'

**रोजा खोलने की दुआ (इफ्तार की दुआ)**

दिन भर रोजा रखने के बाद शाम को इफ्तार के समय रोजा खोला जाता है। खजूर या पानी से रोजा खोलने से पहले दुआ पढ़ना सुन्नत है। माना जाता है कि इस दुआ को पढ़ने से खाने में बरकत आती है और सवाब मिलता है।

**दुआः** 'अल्लाहुम्मा इन्नी लका सुमतु, व-बिका आमन्तु, व-अलयका तवक्कालतू, व अला रिजकिका अफतरतू'

**अर्थः** 'हे अल्लाह! मैंने तेरे लिए रोजा रखा, तुझ पर ईमान लाया, तुझ पर भरोसा किया और तेरे दिए हुए रिज्क (खाने) से रोजा खोला।'

**नीयत/दुआ का सही तरीका**

रोजा खोलने की नीयत ठीक इफ्तार के समय ही करनी चाहिए। अगर कोई इफ्तार से बहुत पहले ही रोजा तोड़ने का मन बना ले, तो रोजा अमान्य हो सकता है। इसलिए सही समय पर दुआ पढ़कर ही रोजा खोलना चाहिए ताकि अल्लाह की रहमत बनी रहे।

**तरावीह की नमाज**

रमजान में पांच वक्त की फर्ज नमाज के साथ-साथ 'तरावीह' की नमाज का भी बहुत महत्व है। यह नमाज रात के समय पढ़ी जाती है जिसमें पूरा कुरान सुना या पढ़ा जाता है। यह रातें इबादत में बिताने का सबसे अच्छा जरिया हैं। रमजान का महीना नेक काम करने और अल्लाह की राह पर चलने का संदेश देता है। रोजा, नमाज और दुआओं के जरिए इंसान खुद को पाक-साफ बनाता है और ढेरों खुशियां और बरकतें हासिल करता है।


## एकता, प्रेम और भाईचारे का त्योहार है ईद

ईद सिर्फ एक त्योहार नहीं है बल्कि इंसानियत का प्रतीक भी है, यह दीन हमे सिखाता है कि खुशी बाँटने से खुशी मिलती है, दूसरों की मदद करने से ऊपर वाला हमारी मदद करता है, बनारस गंगा जमुना तहजीब का स्थल है यहाँ पर हिन्दू-मुस्लिम सभी त्योहारों को मिल-जुलकर मनाते है इस साल मैं ईद के त्योहार की पूरे दुनिया के हर व्यक्ति को बधाई देना चाहता हूं। विशेष तौर पर इंडिया, बनारस के लोगों को क्योंकि भारत



अमन चैन के लिए विशेष प्रयास कर रहा हैं। डीएम सिल्क इम्पोरियम की तरफ से ईद के त्योहारों पर ग्राहकों को प्रत्येक साड़ी व शूट पर विशेष छूट दी जा रही है, हमारे शोरूम में 500 रुपए से साड़ी व सूट की शुरुआती कीमत है।

**वफा अंसारी**
**DM SILK EMPORIEM**
**Golghar kachhari (Newr jai Restarent offosite Blue Bells Engligh School.Varanasi.**





रमजान और ईद के मौके पर सिल्वर अफगानी पायल का ट्रेंड छाया हुआ है, जिसमें बारीक नक्काशी और घुंघरुओं वाली डिजाइनें एथनिक लुक को खास बना रही हैं।

# ईद के मौके पर सिल्वर अफगानी पायल का ट्रेंड

रमजान के दौरान बाजारों में काफी रौनक देखने को मिलती है। इस दौरान महिलाएं काफी शॉपिंग करती है। शॉपिंग की बात करें तो लिस्ट में सबसे पहला नाम ज्वेलरी का ही आता है और जब बात पायल की आती है, तो महिलाओं से रुका नहीं जाता है। इस लेख में हम आपके लिए रमजान के दौरान लेटेस्ट डिजाइन वाली अफगानी पायल की डिजाइंस दिखाई जाएं, जो खूब ट्रेंड कर रही हैं। अफगानी पायल में हैवी लुक, बारीक नक्काशी और घुंघरुओं की मधुर खनक, जो आपके एथनिक लुक में जान डाल देगी। यदि आप रमजान में हैवी लुक वाली पायल खरीदना चाहते हैं, तो एक बार यह डिजाइन जरुर देखें।

**स्टोन वर्क वाली सिल्वर अफगानी पायल डिजाइन**

अगर आप अपने अंदाज में थोड़ा सा निखार और आकर्षण जोड़ना चाहती हैं, तो स्टोन जड़ी सिल्वर अफगानी पायल एक बेहतरीन विकल्प हो सकती है। इन पायलों में लगे रंगीन या सफेद स्टोन हल्की सी रोशनी में भी शानदार चमक बिखेरते हैं, जो आपके पैरों की खूबसूरती को और बढ़ा देते हैं। खास तौर पर इफ्तार की शाम या ईद जैसे खास मौकों पर ये पायल आपके पूरे लुक को स्टाइलिश और अलग पहचान देने में मदद करती हैं।

**घुंघरु वाली सिल्वरअफगानी पायल डिजाइन**

गौरतलब है कि अफगानी पायल का असली आकर्षण होता है उसके घुंघरु। घुंघरु वाली सिल्वर अफगानी पायल पहनते ही हर कदम हल्की-हल्की खनक सुनाई देती है, जो आपके अंदाज में नजाकत घोल देती है। रमजान में एथनिक लुक के साथ ऐसी पायलें पहनकर आपका लुक और भी कमाल का हो जाता है।

**ऑक्सीडाइज सिल्वर कड़ा अफगानी पायल डिजाइन**

ऑक्सीडाइज सिल्वर कड़ा पयाल आजकल काफी ट्रेंड में बनीं हुई है। कड़ा स्टाइल वाली अफगानी पायलों को खूब पसंद किया जा रहा है। आपको बता दें कि, इनका लुक थोड़ा रस्टिक और एंटीक होता है, जो आपके पूरे स्टाइल को यूनिक बनाता है।

Akhtar Raza Mob.: 9335247825
Eid Mubarak
Tarique Mahmood Mob.: 7860321357
Universal SILK SAREES
Manufacturer, Wholesaler & Retailer of :
All Kinds of Banarasi Saree, Suit, Dupatta & Dress Materials
D. 51/15, NAI SARAK, PURANA PAN DARIBA, VARANASI - 221001

## ABEER MAKEUP STUDIO AND ACADEMY में सभी सेवाओं पर एक्सक्लूसिव ऑफर्स



ABEER MAKEUP STUDIO AND ACADEMY सिर्फ एक मेकअप स्टूडियो नहीं, बल्कि ब्यूटी, केयर और ग्लैम का पूरा अनुभव है। यहाँ आपको Dermat (स्किन ट्रीटमेंट्स) की सेवाओं के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के प्रीमियम फेशियल, स्किन केयर ट्रीटमेंट्स और रिलैक्सिंग हेयर स्पा भी मिलते हैं, ताकि आप अंदर से भी उतना ही ग्लो करें जितना बाहर से। साथ ही ABEER MAKEUP STUDIO AND ACADEMY में प्रोफेशनल ट्रेनिंग भी दी जाती है, जहाँ आपको 15+ साल के अनुभव वाले इंटरनेशनल मेकअप आर्टिस्ट से सीखने का मौका मिलता है। अगर आप मेकअप आर्टिस्ट बनना चाहते हैं या ब्यूटी इंडस्ट्री में अपना करियर बनाना चाहते हैं, तो यह आपके लिए एक शानदार शुरुआत हो सकती है। अबीर मेकअप स्टूडियो आपके लिए लेकर आए हैं एक्सक्लूसिव ऑफर्स जिसके तहत सभी सेवाओं पर 60 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है। आपके हर खास मौके को और भी खास बनाने के लिए हमारे यहाँ डिज़ाइनर पार्टी वियर ड्रेसेज़ और खूबसूरत ज्वेलरी रेंट पर भी उपलब्ध हैं, वह भी बहुत ही पॉकेट-फ्रेंडली बजट में तो फिर इंतज़ार किस बात का? आइए ABEER MAKEUP STUDIO AND ACADEMY और अपने हर खास पल को बनाइए और भी खूबसूरत, स्टाइलिश और ग्लैमरस।

ABEER MAKEUP STUDIO & ACADEMY
DERMAT | HAIR | SKIN | MAKEUP | NAILS | RENTALS
Eid Mubarak
+91 81156 35420 , +91 63920 79976
Info@abeermakeupstudio.com
abeermakeupstudio.com
57 Gandhinagar, Sigra , Varanasi
abeermakeupstudioacademy

**रमजान 2026 में स्टाइलिश दिखने के लिए जानें बेहतरीन फैशन, मेकअप और स्टाइलिंग टिप्स, जिसमें इफ्तार पार्टियों के लिए अनारकली सूट से लेकर सादगी भरे मेकअप तक के आइडियाज शामिल हैं।**

# इफ्तार पार्टी में सबसे अलग लुक?

## ये फैशन और मेकअप टिप्स आएंगे आपके बेहद काम

इस्लाम धर्म में रमजान का महीना बेहद ही खास और पवित्र माना जाता है। इस महीने में मुसलमान रोजा रखते हैं, यानी सूर्योदय से सूर्यास्त तक खाना-पीना त्यागते हैं। यह आत्मसंयम, धैर्य और ईश्वर की इबादत का समय होता है। इसी के चलते इस महीने में हर कोई चाहता है कि उसका लुक सबसे हटके होना चाहिए। इस माहौल में मेकअप, हेयर स्टाइल और आउटफिट्स से लेकर पूरे एटीट्यूड को इम्प्रूव करने के लिए कई आइडिया होते हैं। रमजान के दौरान आप भी चाहती होगी एकदम ग्लैमरस लुक। इस दौरान फैशन और मेकअप ट्रेंड्स आपको और भी खूबसूरत बना देंगे। तो चलिए बिना देर किए आपको बताते हैं मजान के लिए कुछ बेहतरीन मेकअप टिप्स, आउटफिट्स और स्टाइलिंग आइडियाज।



**अनारकली सूट**

- रमजान के वक्त आप अनारकली सूट पहन सकती हैं। यह आपको एकदम शाही और क्लासी लुक देगा।

- आप पारंपरिक तरीके से अनारकाली सूट पहन सकती हैं, जिसमें कढ़ाई या जरी का काम हो।

-इफ्तार पार्टी या खास मौकों के लिए अनारकाली सूट एकदम परफेक्ट होते हैं।

**शरारा सूट**

- यदि आप पारंपरिक और आरामदायक लुक लेना चाहती है, तो आप शरारा सूट को वियर कर सकती हैं।

- हल्की-कढ़ाई वाले शरारा सूट को खरीद सकती हैं। यह स्टाइल के साथ आपको आराम भी देंगे।

**मेकअप कैसा करें ?**

रमजान के समय में मेकअप थोड़ा लाइट और सादगी भरा अच्छा लगता है। जिससे आपकी त्वचा प्राकृतिक तौर पर ग्लोइंग नजर आएगी। एक अच्छा बेस वाला फाउंडेशन को स्किन टोन से मेल खाता हुआ लगाएं। हालांकि, अपनी आइब्रो को थोड़ा डार्क और शेप में रखें। आंखों पर न्यूड और गोल्डन शेड्स का आईशैडो लगाएं और लशेस को अच्छे से कर्ल करें। लिप्स पर हल्का पिंक या न्यूड शेड लगाएं जिससे आपका लुक फ्रेश नजर आए।

**हेयर स्टाइल कैसी होनी चाहिए ?**

रमजान के समय आप अपनी हेयर स्टाइल को जितना सिंपल बनाएंगी उतना ही स्टाइलिश आप नजर आएंगी। आप चाहे तो लूज कर्ल्स या बीच वेव्स से आपके बालों को एक नेचुरल लुक मिलेगा। यदि आप कुछ और डिफरेंट चाहती हैं तो बन या साइड ब्रेड्स भी एक बेहतरीन ऑप्शन है।

**फुटवियर ऐसी पहनें**

रमजान के दौरान आप ऐसे फुटवियर का चयन करें जो काफी आरामदायक और स्टाइलिश हो। इसके लिए एक अच्छा ऑप्शन यह है कि फ्लेट और वैजेस हील्स, जो आपके पूरे दिन आराम देंगे। इसके साथ ही आपके लुक को भी इम्प्रूव करें। यदि आप फॉर्मल इफ्तार पार्टी में जा रही हैं, तो आप ब्लॉक हील्स को पहन सकती हैं।

ईद के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
समर्पण
पेट, लीवर रोग विशेषज्ञ एवं इण्डोस्कोपिस्ट
गैस्ट्रो एण्ड लीवर क्लीनिक
परामर्श का समय
सुबह - 8:30 से सायं-04:30 बजे तक
Reg. No.-58959
डॉ0 शेखर पुरी
M.B.B.S. (KGMU. LKO.), M.D.(MS. BHU)
DM. (GASTRO.), SMS, JAIPUR
B-38/47, F.K.,
महेश्वरी भवन के पास, पूर्व माध्यमिक विद्यालय के सामने, तुलसीपुर, महमूरगंज, वाराणसी
दूरभाष सम्पर्क नं०- 9587794338



# ईद के लिए ट्रेंड में है सूट की यह स्टाइलिश डिजाइन

रमजान का पवित्र महीना चल रहा है। इस दौरान लोग 1 महीने तक अल्लाह के लिए व्रत रखते हैं। रमजान में रोजे रखने के साथ ही महिलाएं अपने पहनावे पर भी खास ध्यान देती हैं। इफ्तार से लेकर ईद के लिए अगर आप कुछ हटके पहनना चाहती हैं, तो यह लेख आपके लिए है। पाकिस्तानी स्टाइल सूट आजकल काफी ट्रेंड में है, महिलाएं इन सूट्स पसंद भी कर रही है। यदि आप सूट सिलवाना चाहती है या फिर सिला हुआ पाकिस्तानी सूट पहनना चाहती है, इस तरह के डिजाइन वाले सूट्स को जरुर खरीदें।

**रमजान और ईद के मौके पर रॉयल लुक के लिए पाकिस्तानी सूट डिजाइन काफी ट्रेंड में हैं, जिनमें काफतान, घरारा, और लॉन सूट जैसे आरामदायक और स्टाइलिश विकल्प आपको सबसे अलग दिखाएंगे।**

**काफतान सूट डिजाइन**

रमजान के दौरान आप भी दिखना चाहती है स्टाइलिश, तो आप काफतान सूट डिजाइन को जरुर ट्राई करें। ढीली आस्तीन और लंबा घेरदार डिजाइन होने के कारण ये पहनने में बेहद आरामदायक होते हैं। त्योहारों और पार्टियों के लिए भी ये शानदार लुक देते हैं। यदि आप ज्यादा भारी या भड़कीला स्टाइल नहीं चाहतीं, तो सादे कॉटन या जॉर्जेट कपड़े का काफ्तान चुन सकती हैं। रोजमर्रा के पहनावे में भी इस तरह के सूट डिजाइन महिलाओं को काफी पसंद आते हैं।

**पाकिस्तानी स्ट्रेट कट सूट डिजाइन**

रमजान के दौरान आप सीधे कट वाले सूट डिजाइन पहन सकती हैं। यह एकदम सिंपल और क्लासी लुक देते हैं। पूरा दिन आरादायक रहने के लिए इस तरह के सूट काफी अच्छे लगते हैं। इस तरह के सूट ऑफिस, कैजुअल और फेस्टिव हर तरह के लुक के लिए यह अच्छा होता है।

**लॉन सूट डिजाइन**

यह एकदम ट्रेंडी सूट डिजाइन है। लॉन सूट हल्के कॉटन वाले होते हैं। इन कपड़ों पर हल्का प्रिंट, एम्ब्रॉयडरी या डिटेलिंग का डिजाइन बना देता है। लॉन सूट में कुर्ता, दुपट्टा और पैंट भी आता है। रमजान में व्रत के दौरान हल्के कपड़े आपको सुकून देंगे। शाम की नमाज या इफ्तार पार्टी के लिए इस तरह के सूट्स काफी सुंदर लगते हैं।

**घरारा सूट डिजाइन**

इस तरह के सूट काफी स्टाइलिश और आरामदायक दिन के लिए सबसे बेस्ट होते हैं। घरारा पैरों से खुला-खुला रहता है, इसलिए रमजान के लिए यह काफी अच्छा है। इस तरह का लुक आप हर दिन कैरी कर सकते हैं। इफ्तार पार्टी के लिए इस तरह के सूट पार्टी में पहन सकती हो।

## ईद की मिठास

ईद-उल-फितर का दिन था। पूरे मोहल्ले में खुशी का माहौल था। मस्जिदों से नमाज़ की आवाज़ आ रही थी और घर-घर से सेवइयों की खुशबू फैल रही थी।



मोहल्ले में रहने वाला छोटा सा लड़का आरिफ बहुत खुश था। आज ईद थी और उसे नई टोपी, नया कुर्ता और ईदी मिलने वाली थी। लेकिन उसके मन में एक छोटी सी चिंता भी थी। उसके पड़ोस में रहने वाला उसका दोस्त राहुल इस बार उदास था, क्योंकि उसके पिता की नौकरी चली गई थी और उनके घर में ईद की ज्यादा तैयारी नहीं हो पाई थी।

आरिफ ने अपनी माँ से कहा,

'अम्मी, क्या हम राहुल के घर भी सेवइयां ले जा सकते हैं?'

माँ मुस्कुराईं और बोलीं,

'बिल्कुल बेटा, ईद का असली मतलब ही है खुशियां बांटना।'

नमाज़ पढ़कर लौटते समय आरिफ ने अपनी ईदी में मिले पैसे में से कुछ पैसे अलग रख लिए। फिर वह राहुल के घर गया और बोला,

'राहुल, ईद मुबारक! चलो मेरे घर सेवइयां खाने।'


राहुल पहले थोड़ा झिझका, लेकिन आरिफ की सच्ची मुस्कान देखकर वह भी खुश हो गया। दोनों दोस्त साथ बैठे, सेवइयां खाईं और खूब हंसी-मजाक किया।

उस दिन आरिफ को समझ आया कि ईद सिर्फ नए कपड़े पहनने या मिठाइयां खाने का नाम नहीं है, बल्कि दूसरों की खुशियों में अपनी खुशी ढूंढने का नाम है। और तभी से मोहल्ले के लोग कहते हैं— ईद की असली मिठास सेवइयों में नहीं, बल्कि दिलों के मेल में होती है।


## एलीगेंस मेकअप एंड हेयर स्टूडियो

### वर्षों के अनुभव के साथ प्रोफेशनल ब्यूटी सर्विस

सुंदर दिखना हर किसी की चाहत होती है और जब बात खास मौकों की हो तो प्रोफेशनल मेकअप और हेयर स्टाइलिंग का महत्व और भी बढ़ जाता है। ऐसे ही बेहतरीन और भरोसेमंद ब्यूटी सर्विस देने वाला नाम है Elegance Makeup Studio and Salon by Shabana।



करीब 28 वर्षों के अनुभव के साथ शबाना द्वारा संचालित यह स्टूडियो मेकअप और हेयर स्टाइलिंग की दुनिया में अपनी खास पहचान बना चुका है। यहां आने वाले ग्राहकों को प्रोफेशनल टच के साथ ऐसा लुक दिया जाता है, जिससे वे आत्मविश्वास और ग्लैमर के साथ किसी भी मौके पर नज़र आते हैं।

स्टूडियो में ग्राहकों की जरूरत के अनुसार कई तरह की ब्यूटी सर्विस दी जाती हैं। इनमें प्रोफेशनल मेकअप, ब्राइडल मेकअप, पार्टी मेकअप, हेयर स्टाइलिंग, हेयरकट और विभिन्न हेयर ट्रीटमेंट शामिल हैं। खास तौर पर शादी-ब्याह जैसे खास अवसरों के लिए यहां ब्राइडल मेकअप की विशेष सुविधा उपलब्ध है, जिससे दुल्हन को परफेक्ट और आकर्षक लुक दिया जाता है।

Elegance Makeup and Hair Studio सभी लोगों को आमंत्रित करता है कि वे यहां आकर प्रोफेशनल ब्यूटी सर्विस का अनुभव लें और अपने व्यक्तित्व में निखार लाते हुए आत्मविश्वास और ग्लैमर के साथ बाहर निकलें।

# जायके के साथ सजावट में भी लगाएं चार चांद, अपनाएं ये मॉडर्न आइडियाज



**रमजान 2026 में अपनी इफ्तार पार्टी को यादगार बनाने के लिए जानें मॉडर्न डेकोरेशन आइडियाज, जिसमें थीम, पारंपरिक बर्तन और लाइटिंग से मेज को एक रॉयल लुक देने के टिप्स शामिल हैं। यह गाइड आपको खाने की सही प्लेटिंग और मैनेजमेंट के जरिए मेहमानों के लिए एक खुशनुमा और व्यवस्थित माहौल बनाने में मदद करेगी।**

रमजान का महीना सिर्फ दुआओं और बरकत का नहीं, बल्कि परिवार और दोस्तों के साथ खुशियां बांटने का भी समय है। इफ्तार पार्टी महज एक साथ खाना खाने का मौका नहीं, बल्कि आपसी रिश्तों को गहराई देने का एक खूबसूरत जरिया है। अगर आप इस बार होस्ट की भूमिका में हैं, तो थोड़ी सी क्रिएटिविटी और सही प्लानिंग से अपनी इफ्तार की मेज को एक 'रॉयल' लुक दे सकते हैं, जिससे मेहमानों का स्वागत और भी खास हो जाएगा।

**थीम और रंगों का सही चुनाव करें**

अपनी मेज को आकर्षक बनाने के लिए एक सुंदर कलर थीम चुनें। आजकल गोल्डन, डीप ग्रीन और क्लासी व्हाइट का कॉम्बिनेशन काफी ट्रेंड में है। एक हल्के रंग के साफ टेबल कवर के साथ गोल्डन रनर का इस्तेमाल मेज की रौनक बढ़ा देता है। इसके साथ ही इस्लामिक पैटर्न वाले मैट्स, छोटे-छोटे लालटेन और टेबल के बीच में चांद-सितारे वाले शोपीस रखने से पूरा माहौल रूहानी और खुशनुमा हो जाता है।

**पारंपरिक बर्तनों का जादू बिखेरें**

सजावट में 'ट्रेडिशनल टच' देने के लिए तांबे या पीतल के बर्तनों का इस्तेमाल करें, जो मेज को विंटेज और प्रीमियम लुक देते हैं। खजूर रखने के लिए सुंदर नक्काशीदार कटोरियों का चुनाव करें और रूह अफ़ज़ा या अन्य पारंपरिक शरबत को कांच के बड़े जार में सर्व करें। यह न केवल देखने में अच्छा लगता है, बाल्कि मेहमानों को पुराने दौर की याद भी दिलाता है।

**खजूर और फलों की स्टाइलिश प्लेटिंग करें**

इफ्तार की शुरुआत चूंकि खजूर से होती है, इसलिए इनकी प्लेटिंग पर खास ध्यान दें। मेडजूल, अजवा और सफावी जैसे खजूरों को एक सजावटी ट्रे में करीने से सजाएं। साथ ही तरबूज, खरबूजा और अनार जैसे ताजे फलों को मॉडर्न स्टाइल में काटकर सर्व करें। रंगों का यह तालमेल मेज को ताज़गी से भर देता है।

**रोशनी और खुशबू से सजाएं माहौल**

एक अच्छी इफ्तार पार्टी के लिए सही लाइटिंग बहुत जरूरी है। मेज के चारों ओर सॉफ्ट ¶ फेयरी लाइट्स और छोटे अरबी स्टाइल के लालटेन लगाएं। माहौल को और भी सुकूनदेह बनाने के लिए मेज पर हल्की खुशबू वाली कैंडल्स रखें। यह धीमी रोशनी इफ्तार के समय को और भी शांत और गरिमामय बना देती है।

**खाने का सही मैनेजमेंट जरूरी**

मेज पर बहुत ज्यादा भीड़ न करें, बल्कि हर चीज के लिए एक खास जगह तय करें। एक तरफ स्नैक्स जैसे समोसा, दही भल्ला और कबाब रखें, तो दूसरी तरफ ड्रिंक्स का सेक्शन बनाएं। मेन कोर्स जैसे बिरयानी को ढककर रखें ताकि वह गर्म रहे। हर डिश के पास एक छोटा सा 'नाम कार्ड' रखने से मेहमानों को चुनाव करने में आसानी होती है और मेज व्यवस्थित दिखती है।

**डेजर्ट कॉर्नर के साथ खास मेहमाननवाजी**

मीठे के बिना इफ्तार अधूरी है, इसलिए शाही टुकड़ा, खीर या फिरनी के लिए एक अलग डेजर्ट सेक्शन तैयार करें। मेहमानों के लिए हर प्लेट के पास 'रमजान मुबारक' का छोटा कार्ड या कोई छोटा सा तोहफा रखना एक बहुत ही प्यारा जेस्चर है। अगर पार्टी में बच्चे हैं, तो उनके लिए एक छोटा स्नैक कॉर्नर अलग से बनाएं ताकि वे भी अपनी पसंद की चीजों का आनंद ले सकें।

# स्किन को ग्लोइंग बनाने के लिए, 5 सरल स्किनकेयर टिप्स

रमज़ान का पाक महीना चल रहा है। इस दौरान मुसलमान आध्यात्मिक ध्यान, आत्म-अनुशासन और रोजे रखते हैं। इस दौरान आपकी स्किन के लिए भी एक चुनौती हो सकती है। लंबे समय तक व्रत रखने से और अपने आहार में बदलाव व गर्मी के कारण आपकी त्वचा का डिहाइड्रेशन और बेजान महसूस कर सकती है। इस लेख में हम आपके त्वचा को चमकदार बनाने के लिए कुछ आसान उपाय बताए हैं।

इन 5 स्किनकेयर टिप्स को फॉलो करें

**अपने दिन की शुरुआत हाइड्रेशन से करें, सिर्फ कॉफी से नहीं**

रोजे का मतलब यह नहीं है कि आप अपनी त्वचा को नमी नहीं दे सकते जिसकी उसे ज़रूरत है। एक्सपर्ट के मुताबिक सहरी के बाद, पानी, नारियल पानी या हाइड्रेटिंग हर्बल चाय पीने पर ध्यान दें। आपकी त्वचा आपके हाइड्रेटेड महसूस करेगी और जितना अधिक आप रोजे के घंटों के दौरान पीते हैं, उतनी ही आपकी त्वचा कोमल और चमकदार रहेगी। पानी पीना न छोड़ें।

**चेहरे को साफ करें**

जब आप उपवास कर रहे होते हैं, तो आपकी त्वचा पर थोड़ा ज़्यादा दबाव पड़ सकता है। अपनी त्वचा से प्राकृतिक तेलों को हटाएं बिना अशुद्धियों को दूर करने के लिए सौम्य, हाइड्रेटिंग क्लींजर का उपयोग करना महत्वपूर्ण है। कठोर क्लींजर से बचें जो आपकी त्वचा को टाइट और रूखा महसूस करा सकते हैं। एक हल्का झागदार या क्रीम-आधारित क्लींजर काम करेगा और आपकी त्वचा को मुलायम और तरोताज़ा रखेगा।

**चेहरे को मॉइस्चराइज करें**

रमज़ान के महीने में रोजे रखते समय डिहाइड्रेशन होने लगता है। इस दौरान त्वचा को मॉइस्चराइजिंग करना जरुरी है। सोने से पहले आपनी त्वचा पर मॉइस्चराइजर करें, ऐसे मॉइस्चराइजर लगाएं जो स्किन को हाइड्रेशन प्रदान करें। इसके साथ ही आप एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर हाइड्रेटिंग सीरम का प्रयोग कर सकते हैं।

**फेस मास्क जरुर लगाएं**

खासतौर पर फेशियल मास्क केवल पैमपर के लिए नहीं होते, बल्कि ये आपके रमज़ान स्किनकेयर रूटीन का एक ज़रूरी हिस्सा हैं। चाहे वो हाइड्रेटिंग शीट मास्क हो, डिटॉक्सिफ़ाई करने के लिए क्ले मास्क हो या जेल मास्क हो, ये सभी आपको तुरंत चमक प्रदान करता है जब आपको इसकी सबसे ज़्यादा ज़रूरत होती है। अपनी त्वचा को तरोताजा, चमकदार और पोषित रखने के लिए हफ्ते में कुछ बार मास्क लगाएं।

**स्क्रब का इस्तेमाल करें**

एक्सफोलिएशन चिकनी और चमकदार त्वचा बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण है। हफ्ते में 2 बार सौम्य स्क्रब का इस्तेमाल करें, इससे मृत त्वचा कोशिकाएं हट जाएंगी और त्वचा ताजा और चमकदार दिखाई देगी। बस सावधान रहें कि ज़्यादा एक्सफोलिएशन न करें, क्योंकि इससे आपकी त्वचा चिड़चिड़ी और ड्राई हो सकती है। अपनी त्वचा के टाइफ के अनुसार ही एक हल्का स्क्रब या रासायनिक एक्सफोलिएंट चुनें।

ईद के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
तनाव, अवसाद, घबराहट, बेचैनी,OCD याददाश्त कमजोर होना, स्किजोफ्रेनिया, बाइपोलर, गुस्सा, नींद की परेशानी, सिर दर्द, नशा करना, बच्चों और बड़ो की व्यवहारिक समस्याएं, आत्महत्या का विचार आना, माइग्रेन, न्यूरेल्जिया, सर्वाइकल, हाथ-पांव में झनझनाहट व मिर्गी जैसे अन्य मानसिक रोगों का इलाज उपलब्ध।
रवि न्यूरो सायकेट्री सेंटर (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल)
लेन नं.-16 रविन्द्रपुरी, वाराणसी मो. 8756837310/ 7880893030

डॉ. श्रेयांस द्विवेदी
मानसिक रोग विशेषज्ञ
MBBS,DPM, MD
Neuropsychiatrist

## मशहूर Dessert कुनाफा घर पर बनाएं

# इफ्तार और पार्टियों की बनेगी जान

कुनाफा अरब देशों की सबसे मशहूर और लजीज मिठाइयों में से एक है। बाहर रेस्टोरेंट में इसे खाना अक्सर थोड़ा महंगा पड़ता है, लेकिन जब वही स्वाद आप अपने घर की रसोई में आसानी से तैयार कर सकते हैं, तो बाहर जाने की जरूरत ही क्या है। आमतौर पर लोगों को लगता है कि कुनाफा बनाना काफी मुश्किल होता है, लेकिन सही तरीके से बनाया जाए तो यह उतना कठिन भी नहीं है। इसी को आसान बनाने के लिए हम आपके लिए कुनाफा की बेहद सरल रेसिपी लेकर आए हैं। रमजान के दिनों में मुस्लिम भाई-बहन इसे अपने इफ्तार मेन्यू में शामिल कर सकते हैं, वहीं गैर-मुस्लिम भी इसे किसी मीठी शाम या खास मौके पर बनाकर इसके शानदार स्वाद का आनंद ले सकते हैं।

**कुनाफा बनाने की सामग्री**

हाथ से क्रश की हुई फेनी (सेवई / वर्मीसेली), 2–3 बड़े चम्मच घी, 1 कप दूध, 1 कप कॉर्न फ्लोर, 1 कप चीनी, 1 कप फ्रेश क्रीम, मोजेरेला चीज, 2–3 छोटे चम्मच गुलाब जल, पिस्ता (गार्निश के लिए), शहद / चाशनी / नुटेला / बिस्कॉफ (टॉपिंग के लिए)

**कुनाफा बनाने की विधि**

सबसे पहले फेनी (सेवई) को अपने हाथों से हल्का-सा क्रश कर लें। इसमें 2–3 बड़े चम्मच घी डालकर अच्छी तरह मिला दें, ताकि यह हल्की और कुरकुरी बन सके। अब एक पैन में 1 कप दूध डालें और उसे हल्का गर्म होने दें। इसके बाद इसमें 1 कप फ्रेश क्रीम और मोजेरेला चीज डालें। इस मिश्रण को धीमी आंच पर पकाते हुए उबाल आने दें, ताकि एक स्मूद और क्रीमी फिलिंग तैयार हो जाए। इसमें 2–3 छोटे चम्मच गुलाब जल डालकर अच्छी तरह मिलाएं। आपकी खुशबूदार क्रीमी फिलिंग अब तैयार है। अब एक चपटा पैन लें और उसके ऊपर हल्का घी लगा दें, ताकि कुनाफा चिपके नहीं। पैन में कुटी हुई फेनी की एक परत डालें और किसी कप या चम्मच की मदद से इसे बराबर दबाकर फैला दें। इसके ऊपर तैयार किया हुआ चीज-क्रीम का मिश्रण डालें और चाहें तो थोड़ा अतिरिक्त मोजेरेला चीज भी ऊपर से डाल दें। अब इसे फेनी की एक और परत से ढक दें, ताकि फिलिंग अंदर अच्छी तरह बंद हो जाए। पैन को ढक्कन से ढककर कुछ



मिनट तक धीमी आंच पर पकाएं, ताकि नीचे की परत सुनहरी और कुरकुरी हो जाए। फिर सावधानी से इसे दूसरे पैन की मदद से पलट दें और दूसरी तरफ से भी हल्का सुनहरा होने तक पकाएं। आखिर में ऊपर से पिस्ता डालकर गार्निश करें और अपनी पसंद के अनुसार शहद, चाशनी, नुटेला या बिस्कॉफ डालकर सर्व करें।

# वर्किंग वुमन के लिए इफ्तार हुआ आसान, मिनटों में बनेगा चिकन



**ऑफिस के बाद इफ्तार बनाने की चिंता खत्म, क्योंकि अब आप सेहरी में ही चिकन मैरिनेशन की तैयारी कर सकती हैं। जानें अफगानी से लेकर पेरी-पेरी चिकन मैरिनेशन के 4 आसान तरीके, जो आपका समय और मेहनत दोनों बचाएंगे।**

अगर आप कामकाजी महिला हैं, तो रमजान के दौरान ऑफिस और घर की जिम्मेदारी के साथ इफ्तारी की तैयारी करना थोड़ा थकाऊ हो सकता है। पूरे दिन के रोजे के बाद शाम को रसोई में घंटों बिताना मुश्किल लगता है। आपकी इसी मुश्किल को हल करने के लिए हम चिकन मैरिनेशन के 4 शानदार तरीके बता रहे हैं। इन्हें आप सेहरी के समय तैयार करके फ्रिज में रख सकती हैं और ऑफिस से आने के बाद झटपट पका सकती हैं। सबसे अच्छी बात यह है कि आप इन तैयार मैरिनेशन को एक हफ्ते तक स्टोर भी कर सकती हैं।

**अफगानी चिकन मैरिनेशन मलाईदार स्वाद**

सामग्रीः 1 किलो बोनलेस चिकन, 1 कप क्रीम, 1 कप दही, 2 चम्मच अदरक-लहसुन पेस्ट।

**मसालेः** 3-4 क्यूब पिघला हुआ मक्खन, 2-3 चीज क्यूब मैश किए हुए, 1 चम्मच नमक, 1 चम्मच काली मिर्च, 1 चम्मच धनिया पाउडर, 1 चम्मच जीरा पाउडर, 1 चम्मच गरम मसाला और हरा धनिया।

**विधिः** सबको मिलाकर चिकन में अच्छे से मिक्स करें।

**जाफरानी चिकन मैरिनेशन शाही अंदाज**

**सामग्रीः** 1 किलो बोनलेस चिकन, 2 चम्मच अदरक-लहसुन पेस्ट, 1 कप दही, 1 कप फ्रेश क्रीम।

**खास पेस्टः** 2 तली हुई प्याज और 10 भीगे हुए काजू का पेस्ट, केसर वाला दूध।

**मसालेः** नमक, धनिया पाउडर, लाल मिर्च, हल्दी, जीरा पाउडर, गरम मसाला और चाट मसाला सब 1-1 चम्मच।

**विधिः** सभी चीजों को मिलाकर चिकन को मैरिनेट करें।

**हरियाली चिकन मैरिनेशन चटपटा**

**सामग्रीः** 1 किलो बोनलेस चिकन, 2 चम्मच अदरक-लहसुन पेस्ट, 1 कप दही।

**मसालेः** नमक, काली मिर्च, धनिया पाउडर, काला नमक, चाट मसाला, हल्दी, लाल मिर्च, जीरा पाउडर और गरम मसाला।

**पेस्टः** हरा धनिया, पुदीना और 3-5 हरी मिर्च को पीसकर पेस्ट बना लें।

**विधिः** पेस्ट और मसालों को चिकन में अच्छी तरह मिलाएं।

**पेरी-पेरी चिकन मैरिनेशन स्पाइसी और टैंगी**

**सामग्रीः** 1 किलो बोनलेस चिकन, 2 चम्मच अदरक-लहसुन पेस्ट, 1-1 चम्मच सोया सॉस, सिरका और टोमैटो सॉस।

**मसालेः** चिली फ्लेक्स, लाल मिर्च पाउडर, पेरी-पेरी मसाला, काली मिर्च और नमक।

**पेस्टः** 1 लाल शिमला मिर्च, 1 प्याज और 2-3 सूखी लाल मिर्च को एक साथ पीस लें।

**विधिः** इस पेस्ट और सॉस को चिकन में मिलाकर रख दें।

ईद के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं

Anand Furnishers



आशीष मिश्रा

D.59/43,MAHMOORGANJ VARANASI-221010 E-mail: anand,Furnishers 84@gmail.com

YASHA

Eid Mubarak





A Multi-designer showroom featuring the best of Indian fashion, designs and labels

@YASHACOUTURE